प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. घाटशिला उपचुनाव के लिए भाजपा और झामुमो उम्मीदवार आज करेंगे नामांकन, झामुमो के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी नामांकन सभाओं में होंगे शामिल।
2. भाजपा के बाद झामुमो ने भी जारी की स्टार प्रचारकों की सूची, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन समेत नेता शामिल।
3. जेपीएससी ने 2008 में नियुक्त 488 सहायक प्राध्यापकों को दी प्रोन्नति, 17 साल से लंबित था प्रमोशन का मामला।
4. रांची में आयोजित तीन दिवसीय धरती आबा जनजातीय फिल्म महोत्सव का समापन, आदिवासी संस्कृति और परंपरा पर आधारित 52 फिल्मों की हुई स्क्रीनिंग।
5. एएफसी अंडर 20 महिला एशियन क्वालीफायर 2026 के लिए भारतीय टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ियों का चयन।

********************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए आज भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन और झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन अनुमंडल कार्यालय में अपना–अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सोमेश सोरेन के नामांकन दाखिल करने के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री और पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री–विधायक मौजूद रहेंगे। नामांकन के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दाहीगोड़ा सकर्स मैदान में चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे।

वहीं, भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के नामांकन सभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। नामांकन के पूर्व ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में पार्टी की एक सभा भी होगी। दोनों की सभाओं और नामांकन को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये हैं।

********************

इस बीच भाजपा और झामुमो ने घाटशिला उपचुनाव में जीत का दावा किया है। भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य सरकार की विफलताओं के कारण जनता ने घाटशिला में बदलाव का मन बना लिया है।

झामुमो भी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने दावा किया इस चुनाव में झामुमो जीत के लिए नहीं बल्कि जीत के अंतर को बढ़ाने पर जोर दे रहा है।

********************

भाजपा के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की 40 सदस्यीय सूची जारी कर दी है। प्रचार की कमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों में होगी। श्री सोरेन के साथ केंद्रीय नेतृत्व के कुल 40 वरिष्ठ नेता प्रचार में शामिल होंगे। इनमें प्रो. स्टीफन मरांडी, सरफराज अहमद, बैद्यनाथ राम, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, विनोद कुमार पांडेय, फागु बेसरा, दीपक बिरुवा, सुप्रयो भट्टाचार्य, केल्पना मुर्मू सोरेन प्रमुख रुप से शामिल हैं।

इससे पहले भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गयी थी। पार्टी ने इस सूची केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जुएल उरांव, अन्नपूर्णा देवी सहित केंद्रीय स्तर के कई वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया है।

********************

झारखंड लोक सेवा आयोग– जेपीएससी ने राज्य के विश्वविद्यालयों में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसरों को दीपावली की सौगात दी है। 2008 में नियुक्त 488 असिस्टेंट प्रोफेसरों को आयोग ने प्रोन्नति दे दी है। इन्हें 17 साल बाद प्रोन्नति मिली है। जेपीएससी में गुरुवार को आयोजित बैठक में प्रमोशन देने का निर्णय लिया गया।

********************

दिवाली और छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए रांची रेल मंडल आज से राजधानी रांची से विभिन्न शहरों के लिए 38 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने जा रहा है। यह जानकारी रांची रेल मंडल के डीआरएम करूणानिधि सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। देशभर से लोगों ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में जीएसटी कम होने से मिल रहे फायदों के बारे में बताया।

********************

इधर, झारखंड में भी लोगों को जीएसटी दरों में की गयी कमी का लाभ मिल रहा है। इसका असर कृषि और इसमें प्रयुक्त होने वाले उपकरणों की खरीद पर भी पड़ा है। साहिबगंज के एक किसान अरुण प्रमाणिक ने बताया कि जीएसटी बदलाव से खेती–किसानी को संबल मिला है।

********************

साहिबगंज जिले में अंसगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना वरदान साबित हो रही है।

********************

रांची में आयोजित तीन दिवसीय धरती आबा जनजातीय फिल्म फेस्टिवल का समापन हो गया है। देश भर से आये फिल्मकारों की जनजातीय जीवन, पहचान, सामाजिक परिवर्तन पर आधारित 52 फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। समापन समारोह में कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न केटेगरी के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर फिल्मकार मेघनाथ भट्टाचार्य ने कहा कि इस फिल्म महोत्सव का दूरगामी प्रभाव दिखाई देगा।

********************

राजधानी रांची समेत कई जिलों में धीरे–धीरे ठंड बढ़ने लगी है। 24 घंटे के दौरान रांची में अधिकतम तापमान में एक और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस से ज्यादा की गिरावट आयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में और दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

********************

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की ओर से आयोजित होने वाले एएफसी अंडर–20 महिला एशियन कप की तैयारी के लिए भारतीय महिला अंडर–20 टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। ये खिलाड़ी स्लोवेनिया में आयोजित होने वाले अभ्यास मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। राज्य की जिन तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमें विकसित बाड़ा, बबीता कुमारी और निसिमा कुमारी शामिल हैं।

********************

<u>और अब अख़बारों की सुर्खियां</u>–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने घाटशिला उपचुनाव के लिए आज भाजपा और झामुमो प्रत्याशियों के नामांकन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– झामुमो के सभी सांसद और विधायक 22 अक्तूबर से घाटशिला में कैंप करेंगे।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– रांची में डीएसपी का रीडर 25 हजार घूस लेते गिरफ्तार।

प्रभात खबर ने लिखा है– संताल में 15 दशमलव शून्य पांच अरब टन कोयले का भंडार, बदलेगी इलाके की सूरत।

दैनिक जागरण लिखता है– टेंडर ही रद्द तो कैसे चीनी बंटवा पायेंगे मंत्री।

****************